हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

11 बीमा क्लेम लेने समेत दूसरी कई मांगों को लेकर ...



12 गांव खरावड़ व नौनंद में 20.45 एकड़ में विकसित ...



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सांपला।** रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दोपहर बाद खरखौदा मार्ग रेलवे पुल के पास एक बुजुर्ग महिला रेल की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन पहचान नहीं हो पाई।

### दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** एवीटी स्टाफ की टीम ने दो युवको को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अनेश कुमार ने बताया कि गांव गिझी रोड नजदीक ईस्माइला के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अजय निवासी गांव बधानी जिला झज्जर के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।



### स्नेचिंग के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने ओमक्स सिटी पुल के पास हुई स्नेचिंग की वारदात को 24 घंटे के अंदर-2 हल करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से एक अन्य स्नैचिंग की वारदात का खुलासा हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश अदालत किया गया है।

### रेणु सांगवान ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाया

**रोहतक।** रेणु ने कहा महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए पशुपालन पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया। रोहतक। झज्जर के खरमाण की राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेता रेणु सांगवान को भी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने का अवसर मिला। रेणु ने कहा महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए पशुपालन पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया। जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि देसी नस्ल की गाय जहां उच्च गुणवत्ता वाला दूध देती हैं, वहीं उनके घी में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। 2018 में 9 गायों से शुरू हुआ सफर आज 250 गायों तक जा पहुंचा है। आज उनका दूध दिल्ली क्षेत्र में 130 रुपये लीटर जाता है।

## निगम चुनाव की मतगणना आज: 22 टेबल लगाई, मेयर पद के लिए मतगणना 13 राउंड में होगी

# धड़कनें तेज, शहर की सरकार के भाग्य का फैसला आज

- मतगणना को लेकर विशेष सुरक्षा प्लान लागू, पुलिस भारी संख्या में तैनात
- दिल्ली बाइपास से मेडिकल मोड़ तक सड़क मार्ग पर नहीं होगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम चुनाव में मेयर और पार्षद पद के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला बुधवार को किया जाएगा। मतगणना का कार्य स्थानीय सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में स्थापित किए गए मतगणना केन्द्र में 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू किया जाएगा। नगर निगम की मतगणना के लिए 22 टेबल लगाई गई हैं। मेयर पद के लिए मतगणना 13 राउंड में पूरी होगी। नगर निगम सदस्यों के लिए मतगणना के लिए 11 राउंड होंगे। मतगणना स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही पुलिस ने विशेष सुरक्षा प्लान लागू किया है। जिसके तहत आमजन मतगणना केंद्र के पास से नहीं आ जा सकेंगे।


### इनमें है मुकाबला

2 मार्च को रोहतक में कुल 301 मतदान केंद्रों पर चुनाव करवाए गए। इनमें से नगर निगम क्षेत्र में 285 मतदान केंद्र थे जबकि कलानौर में 16 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मेयर पद पर कांग्रेस के सूरजमल किलोई, भाजपा के रामअवतार वाल्मीकि, आम आदमी पार्टी के अमित खटक, इनेलो से सूरज और एक निर्दलीय प्रत्याशी दीपक सिंह ने भी चुनाव लड़ा। इसके साथ ही नगर निगम के 22 वार्डों से करीब 121 उम्मीदवारों ने पार्षद पद पर चुनाव लड़ा।

### मतगणना केंद्र में टेबल लगाते कर्मचारी



### मौके पर तैनात पुलिस बल



### सभी तैयारी पूरी



नगर निगम रोहतक की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि नगर निगम आम चुनाव की मतगणना के लिए सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई हैं।

### यहां से होगी एंट्री

मतगणना में जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व एजेंटों के लिए दिल्ली रोड पर स्थित जाट स्कूल के गेट से प्रवेश मिलेंगा। मतगणना के दौरान आने ड्यूटी पर आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना आई कार्ड साथ लेकर आएंगे। बिना आईडी कार्ड किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी नियुक्त



**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खडगटा ने नगर निगम रोहतक एवं नगरपालिका कलानौर की मतगणना के दिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डिविजन संख्या 1 के कार्यकारी अभियंता रोहित कुमार क को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा एएसपी वाईवीआर शशि शेखर को पुलिस अधिकारी, वाटर सर्विसेज डिविजन के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह को पुलिस अधिकारी, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सब अर्बन-2 के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस उपाधीक्षक गुलाब सिंह को पुलिस अधिकारी, वाटर सर्विसेज भालौठ के एसडीओ उदयभान सांगवान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा कलानौर के पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार को पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सम्पर्क में रहेंगे।

### ये बनाई पार्किंग

मतगणना के दौरान आने वाले ऑफिसर व पोलिंग एजेंट के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मतगणना के दौरान ड्यूटी लगने वाले अधिकारी अपने-2 आईडी कार्ड साथ लेकर आएंगे। मतगणना में ड्यूटी पर लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए जाट कॉलेज के ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। एजेंटों के लिए पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज व महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मतगणना में आने वाले व्यक्ति अपना वाहन पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करे। सड़क पर किसी भी वाहन को खड़ा होने नहीं दिया जाएगा।

### कलानौर में भी मतगणना

नगरपालिका कलानौर के निर्वाचन अधिकारी एवं महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट ने बताया कि नगरपालिका आम चुनाव की मतगणना के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। नगरपालिका कलानौर की मतगणना कलानौर स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में स्थापित किए गए मतगणना केन्द्र में 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना के लिए 8 टेबल लगाई गई हैं। नगरपालिका चेयरमैन के पद तथा नगरपालिका सदस्यों के लिए 2-2 राउंड में मतगणना पूरी करवाई जाएगी। मतगणना स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है तथा सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### 4 लेयर की सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बजारणिया ने मतदान केंद्रों के आस-पास लगने वाले नाकों का भी दौरा किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने मतगणना के दौरान ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी अधिकारियों को ड्यूटी बारे संबोधित किया। सभी को उनकी ड्यूटी बारे विस्तार से अवगत कराया गया। निष्पक्ष व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने बारे सख्त हिदायत दी गई। पुलिस द्वारा ड्यूटियों की रिहर्सल की गई है।

### पुलिस बल रहेगा तैनात

एसपी ने बताया कि मतगणना के लिए पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा प्लान तैयार कर 4 लेयर की सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया गया है। मतगणना केंद्रों व चारों तरफ की सुरक्षा के लिए 3 अधिकारी, 17 निरीक्षक रैंक के अधिकारी व अन्य अधिकारी व जवान मौजूद रहेंगे। मतगणना भवन व आस-पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात होगा। मतगणना भवन के अंदर प्रवेश करने वाले अधिकृत व्यक्ति को उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से गुजरना होगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 163 बीएनएस के तहत जारी किए गए आदेशों को प्रभावी ढ़ंग से लागू किया जाएगा।

### मोबाइल फोन अंदर लेजाना निषेध

मतगणना केंद्रों, कैंपस के अंदर व बाहर सुरक्षा व कानून व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। प्रत्येक अधिकृत व्यक्ति को चार स्तरीय सुरक्षा जांच से होकर गुजरना होगा। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रोनिक गैजेट व अन्य आपत्तिजनक वस्तु का मतगणना केंद्र के अंदर लेकर जाना निषेध है। किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था स्थिती से निपटने के लिए दंगा निरोधक उपकरण से सुसज्जित पुलिस बल तैनात रहेगा। मतगणना के दौरान राइडर व पीसीआर गश्त में मौजूद रहेगी तथा यातायात व कानून व्यवस्था को बनाए रखेगी।

### कंट्रोल रूम में अतिरिक्त जवान तैनात

सूचना के आदान प्रदान में तीव्रता लाने के लिए जिला कंट्रोल रूम में अतिरिक्त जवान तैनात किए गए है। प्रत्येक अधिकारी से पल-पल की रिपोर्ट ली जाएगी। पुलिस द्वारा मेडिकल मोड, पावर हाउस चौक, दिल्ली बाइपास चौक व एमडीयू गेट न 2 के सामने नाकाबंदी की गई है।

### ये रहेगा रूट डायवर्ट




- दिल्ली बाईपास चौक से मेडिकल मोड़ तक मार्ग पर आमजन के आवागमन 12 मार्च को सुबह 5:00 बजे से मतगणना ख़त्म होने तक बंद रहेंगा। यातायात डायवर्ट करने के लिए नाके लगाए गए है। नाकाबंदी के बीच के रिहायशी एरिया सेक्टर-14, देव कॉलोनी, ऑफिसर कॉलोनी में रहने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र साथ रखना होगा। पहचान-पत्र की जांच के बाद ही नाकों से आगे उनके निवास स्थान की तरफ जाने की छूट दी जाएगी।
- आपातकालीन वाहनों को पीजीआईएमएस में जाने के लिए नाकाबन्दी से जाने की छूट दी जाएगी। दिल्ली बाईपास से महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के गेट न. 1 या गेट न. 2 से प्रवेश कर पीजीआईएमएस की तरफ जाएंगे।
- शहर से दिल्ली बाईपास की तरफ जाने वाले वाहन चालक सोनीपत स्टैंड, शीला बाईपास होते हुये दिल्ली बाईपास की तरफ जाए।
- डी-पार्क से दिल्ली बाईपास चौक की तरफ जाने वाले वाहन वाया मॉडल टाउन, शीला बाईपास चौक होते हुए दिल्ली बाईपास चौक की तरफ जाए।
- दिल्ली बाईपास चौक से शहर की तरफ आने वाले व्यक्ति शीला बाईपास होते हुए या रुपया चौक, झज्जर चुंगी होते हुए शहर में प्रवेश कर सकते है।
- दिल्ली की तरफ से आने वाले बड़े वाहन, बस आदि को होटल मैनेजमेंट टी-प्वाईंट से डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहन नान्दल भवन, बोहर नहर पुल होते हुए शहर में प्रवेश कर सकते हैं।
- जाट भवन की तरफ से दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को सोनीपत रोड, बोहर नहर पुल, आईएमटी होते हुए दिल्ली रोड पर डायवर्ट किया जाएगा।

# अधेड़ व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- आर्य नगर में घटना, एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आर्य नगर में एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान मृतक की पहचान 46 वर्षीय यशपाल मक्कड़ के रूप में हुई। यशपाल फ्लेट में अकेला रहता था और अविवाहित था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक यशपाल मानसिक रूप से बीमार था, जिसके कारण उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। मृतक के दो भाइयों का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि एक भाई बाहर रहता है। पुलिस ने मामले में जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया। अभी तक आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



**रोहतक।** पीजीआई में शव पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाते परिजन एवं मौके पर जांच करने आए एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व पुलिस कर्मी।

### की जा रही जांच

आस-पास के लोगों के द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर जांच शुरू की। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। -**सुलेंद्र नागर**, आर्य नगर थाना प्रभारी

# हत्या की वारदात में फरार चल रहे 5-5 हजार के इनामी आरोपी पिता-पुत्र काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की पीओ स्टाफ की टीम ने वर्ष 2001 में गांव बालंद में जमीनी विवाद को लेकर तीन युवकों की गोली मारकर हत्या की वारदात में 6 साल से फरार चल रहे 5-5 हजार रुपये के इनामी सजायाबी आरोपी रामभज व राम अवतार को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों को 10 मार्च को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सदर थाना प्रभारी रिषभ सोढी ने बताया कि गांव बालंद निवासी जयभगवान की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज किया किया था। जांच में सामने आया कि घटना से करीब 40 साल पहले औमप्रकाश निवासी बालंद के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। 25 सितंबर 2001 को सुरेश, जिले, सतीश, अनुप, महेंद्र, प्रदीप, अशोक रात करीब 3:30 बजे खेत में नहर का पानी तोड़ने के लिए गए। रामभज, रामपाल, धीरे, महेंद्र, बलराम हथियार सहित आए। रामभज व अन्य दूसरे पक्ष पर जान से मारने की नीयत से गोली चलानी शुरु कर दी। जिसमें सुरेश व जिले की मौके पर मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर सतीश की मौत हो गई व अन्य घायल हो गये। हत्या के आरोप में आरोपी रामभज व रामअवतार को गिरफ्तार किया गया।



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

# विश्वविद्यालय के उत्कृष्टता के लिए प्रभावी कदम उठाएगा: प्रो. राजबीर सिंह

- विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता का विस्तृत रोडमैप के लिए एमडीयू की गुणवत्ता परामर्शदायी परिषद तथा सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आगामी सत्र से विभिन्न इनोवेटिव पहल, शैक्षणिक उन्नयन, सोशल तथा कम्युनिटी आउटरीच, शोध उत्कृष्टता के नए शिखर तय करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगा। विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता का विस्तृत रोडमैप मंगलवार को एमडीयू की गुणवत्ता परामर्शदायी परिषद (इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल) तथा सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक में साझा किया गया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, कुलीनरी आर्ट पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा विभिन्न सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को सेंटर फॉर डिस्टेंस एण्ड ऑनलाइन एजुकेशन के तत्वावधान में प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन पाठ्यक्रम समय की जरूरत हैं। ऐसे में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के जरिए स्टूडेंट कनेक्ट पर कुलपति ने बल दिया। उन्होंने एमडीयू के कारपोरेट तथा इंडस्ट्रियल कनेक्ट के लिए इंडस्ट्रियल रिलेशन्स तथा कारपोरेट रिलेशन्स प्रकोष्ठ को सुदृढ़ किया जाएगा।



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बैठक की अध्यक्षता कररते कुलपति।

**चुनाव** बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के सचिव ने चुनाव अधिकारी को पत्र भेजा

# अब 17 को होंगे जिला बार एसोसिएशन के चुनाव

- प्रधान पद पर दीपक हुड्डा पहले ही विजेता घोषित हो चुके, प्रधान पद के प्रत्याशी अरविंद श्योराण हो चुके चुनाव से डी बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर चल रहा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा। दो दिन पहले प्रधान पद के प्रत्याशी दीपक हुड्डा को प्रधान घोषित कर दिया गया था। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के सचिव की तरफ से चुनाव अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। जिसमें चुनाव की तारीख 17 मार्च तय की गई है। प्रधान पद को छोड़कर अन्य पदों पर चुनाव करवाया जाएगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। मतदान का दिन तय होने के साथ ही उम्मीदवारों ने दोबारा तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### 28 फरवरी को टला था चुनाव

गौरतलब है कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से जिला बार एसोसिएशन में 28 फरवरी को प्रधान सहित अन्य पदों पर चुनाव के लिए शेड्यूल जारी किया गया था। इसके लिए प्रशासन से ईवीएम भी मुहैया करवा ली गई थी लेकिन चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने मतदान की सुबह संदेश भेजा कि सुरक्षा कारणों के चलते मतदान नहीं हो सकता। इसके लिए दोबारा दिन तय किया जाएगा। इसके बाद प्रधान पद के प्रत्याशी अरविंद श्योराण को डी बार करने के आदेश जारी किए गए। इसके साथ ही चुनाव अधिकारी ने प्रधान पद के प्रत्याशी दीपक हुड्डा को जिला बार एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया। अब अन्य पदों पर पदाधिकारी भी चुन लिए जाएंगे।



जिला बार एसोसिएशन का फाइल फोटो।

### अब इनमें मुकाबला

उप प्रधान पद के लिए सुशीला देवी, संदीप खत्री, अभीजीत चौधरी और अजय ओहल्यान मैदान में हैं। महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल में मुकाबला है। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल और ज्योति चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार और साहिल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद तारीख हुई तय

जिला बार एसोसिएशन में 17 मार्च को चुनाव करवाए जाएंगे। प्रधान पद पर पहले ही दीपक हुड्डा को चुना जा चुका है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद चुनाव की तारीख तय की गई है। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से पत्र जारी हुआ है। इसलिए चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। -**प्रदीप मलिक**, चुनाव अधिकारी



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।


लाइफ Style

# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।



## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना, सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज़ में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गईं। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता



बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर



दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।

### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े



सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।

### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप



### एक ग्लूकोमा स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान द्वारा विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस चौहान के साथ मंगलवार को आरआईओ से चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी तक एक ग्लूकोमा जागरूकता निकाली गई। प्रतिभागियों ने ग्लूकोमा की रोकथाम के नारे लगाए। ग्लूकोमा यूनिट की अध्यक्ष डॉ. मनीषा राठी ने बताया कि उनकी यूनिट द्वारा 9 से 15 मार्च तक चलने वाले विश्व ग्लूकोमा सप्ताह को कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा नेत्र विज्ञान समाज के तत्वाधान में आरआईओ की ग्लूकोमा यूनिट राज्य स्तर पर गतिविधियों का आयोजन कर रही है। ईक्कस गांव में एक ग्लूकोमा स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।



### शिक्षण समुदाय कार्यक्रम के तहत दी ट्रेनिंग

**महम।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में सहकर्मी शिक्षण समुदाय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदीना डाइट के प्रिंसिपल वीरेंद्र ने की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मॉड्यूल 1 और 2 की पुनरावृत्ति एवं इसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर विशेष चर्चा की गई। मॉड्यूल में समाहित विषय वस्तु को न केवल शिक्षण और मॉनिटरिंग के संदर्भ में उपयोगी बताया गया, बल्कि शिक्षकों के पेशेवर विकास में इसको महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उत्तरदायी शिक्षण ढांचा विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

## फसल खराबे का पिछले साल का बीमा क्लेम देने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

# बीमा क्लेम लेने समेत दूसरी कई मांगों को लेकर किसानों का शहर में प्रदर्शन

एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अगले 10 दिन में सभी के मुआवजे वितरित किए जाएंगे



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए प्रर्दशन करते अखिल भारतीय किसान सभा,भारतीय किसान यूनियन रोहतक व भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन प्रमुख के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए सीटीएम को ज्ञापन देते अखिल भारतीय किसान सभा,भारतीय किसान यूनियन रोहतक व भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन प्रमुख के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फसल खराबे के लंबित मुआवजे किसानों के खातों में डालने, पिछले साल के मुआवजे स्वीकृत करवाने, फसल खराबे का पिछले साल का बीमा क्लेम देने,नहरों में पानी आदि किसानों की समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मोर्चा ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रोहतक को दिया गया । एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों के बारे में सरकार को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रदर्शन से पहले किसान मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए और सभा की। जिसकी अध्यक्षता किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह, भारतीय किसान यूनियन जिला प्रधान रणधीर धामड़,और उप प्रधान राजा ने संयुक्त तौर पर की। किसान सभा के जिला प्रधान प्रीत सिंह ने कहा कि फसल खराबे का रबी 2022,रबी 2023,खरीफ 2022रबी 2024 का बकाया मुआवजा देने,साल 2024 का फसल खराबे के बीमित किसानों का बीमा क्लेम देने, गेहूं में आगजनी का पिछले 2 सालों का लंबित मुआवजा देने,सिंचाई के लिए नहरों में पानी बढ़ाने, पराली प्रबंधन के 1000 रुपए प्रति एकड़ और धान की सीधी बिजाई डीएसआर के 4000 रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि,पिछले साल के सूखा राहत कोष के 2000 रुपए प्रति एकड़ किसानों को अभी तक सरकार नहीं दिए। जबकि लगातार अधिकारियों को इस बारे में मांगपत्र दिए जा रहे हैं। प्रेस बयान जारी करते हुए सुमित दलाल ने बताया कि आज संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर सभी ज़िलों में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए जिसमें,इसके अलावा किसानों की स्थानीय समस्याएं जो पिछले काफी दिनों से लंबित है उनपर भी जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन दिया गया उन्हें जल्द किसानों को देने की मांगे प्रमुखता से उठाई गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रशासन से कहा कि अगर जल्द स्थानीय मुद्दों को हल नहीं किया गया तो किसान मजबूरी वश धरना लगाने को मजबूर होंगे। मौके पर ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया है कि अगले 10 दिन में सभी के मुआवजे वितरित किए जाएंगे और एक हफ्ते में संबंधित अधिकारियों के साथ किसान प्रतिनिधिमंडल की बातचीत करवाई जाएगी । इस मौके पर प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा,भारतीय किसान यूनियन रोहतक,भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन प्रमुख तौर आर शामिल रहे।

### गेहूं की फसल पर बोनस देने की प्रमुखता से उठाई मांग

कार्यक्रम में किसान नेताओं ने कहा कि गेहूं की फसल पर बोनस देने, राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर रद्द करने, स्मार्ट मीटर योजना वापिस लेने ,एमएसपी की कानूनी गारंटी देने,कर्जा मुक्ति करने आदि मुद्दों को लेकर 20 मार्च को कुरुक्षेत्र सीएम कैंप ऑफिस पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला सचिव बलवान सिंह,सुनील मलिक,नरेंद्र मलिक,नरेश हुडा,जयप्रकाश हुड्डा,राजकुमार हुडा, राय सिंह, अशोक राठी,राजा , जगबीर पाकस्मा , देवीलाल,मोनू राठी, रोहताश, चांद नरवाल,पंडित कृष्ण,रोहताश धामड़,जयभगवान टिटौली, टेकराम धामड़, कवंल सिंह, सज्जन, लीलू, वजीर सिंह, दलेल, नवीन, अशीष, बलवान, मोलहु, सीटू नेता सतबीर सिंह,रामचंद्र बैंसी,धर्मवीर हुडा,बिजेंद्र, संदीप,जोगेंद्र हुडा, काला, जयकरण, जयपाल सिवाच, उमेद सिवाच, शिव कुमार, डॉ राममेहर किलोई, समुद्र आदि शामिल रहे ।



**महम।** आदर्श स्कूल मदीना में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

## एकीकृत शिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दी ट्रेनिंग

- आदर्श स्कूल मदीना में जुटे सीबीएसई स्कूलों के टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एकीकृत शिक्षण कार्यक्रम के तहत आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की गई। इस दौरान रिसोर्स पर्सन बीबनदीप और डॉ. राज सांगवान ने शिक्षकों को कला आधारित शिक्षण तकनीकों से अवगत करवाया। इस कार्यशाला में कला, नाटक, संगीत और कहानी कथन को शिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया गया। जिससे गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों और भाषाओं की शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सके। उप प्रधानाचार्या डॉ. अंशु हुड्डा ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों की शिक्षण पद्धति को उन्नत करती हैं और छात्रों में सृजनात्मकता, आलोचनात्मक सोच व समस्या समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक होती हैं। शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और इसे कक्षा शिक्षण में लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### 1100 निशान वाली यात्रा पहुंची मंदिर



**रोहतक।** श्री खाटू श्याम मंदिर रोहतक द्वारा दसवीं फाल्गुन निशान यात्रा 1100 रंग-बिरंगी श्री श्याम ध्वजाओं के साथ निकाली गई। यह यात्रा सोहम मंदिर तहसील के सामने से चलकर छोटू राम चौक, सिविल रोड, भिवानी स्टैंड, दुर्गा भवन मंदिर, माल गोदाम रोड, पुरानी अनाज मंडी, रेलवे रोड, झज्जर रोड, गोयल मार्बल हाऊस वाली गली से होते हुए जनता कॉलोनी स्थित पीपल वाली गली श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंची। सभी भक्त मार्ग में बाबा के भजनों को सुनते, गाते, झूमते-नाचते हुये शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए बाबा श्याम जी का भव्य आलौकिक फूलों का दरबार, ढोल नगाड़े, फल फ्रूट प्रसाद आदि रहे।



### ध्यान हार्टफुलनेस संस्था ने करवाया मेडिटेशन

**रोहतक।** ध्यानन हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक राजबीर सिंह हुड्डा व कमलेश ने मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया। उन्होंने लोगों को ध्यान के महत्व को बताया। उन्होंने मेडिटेशन के लाभ भी बताए। इस अवसर पर सुनील, नरेन्द्र, नरेश व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीबाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित सालाना मेले में दिखा शिक्षा, स्वास्थ्य और अध्यात्म का अद्भुत संगम, उमड़े भक्त

विवि के विभिन्न विभागों ने बढ़-चढक़र योगदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्रीबाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित सालाना तीन दिवसीय मेला में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने अपनी विशेष भूमिका निभाते हुए अनुशासन, मार्गदर्शन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अध्यात्म का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लबों और विभागों ने बढ़-चढक़र योगदान दिया, जिससे श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक अनुभव मिला, बल्कि उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी प्राप्त हुए। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा का कहना कि मेले में आयोजित संध्या कार्यक्रमों की जिम्मेदारी बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कल्चर क्लब ने संभाली। इन कार्यक्रमों में भक्ति संगीत, पारंपरिक नृत्य, भजन संध्या और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इन आयोजनों ने मेले में आध्यात्मिकता को और अधिक गहराई प्रदान की, जिससे श्रद्धालु भक्ति और संस्कृति के रंग में रंग गए। कुलपति ने बताया कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने मेले में स्वास्थ्य सेवा को भी विशेष प्राथमिकता दी। मेंटल वेलबीइंग क्लब द्वारा एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के आयुर्वेद और फिजियोथेरेपी विभाग की टीम ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। इस कैंप में पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी दी गई, साथ ही आयुर्वेदिक निःशुल्क उत्पादों का वितरण भी किया गया। साथ ही मेले में आयोजित कुश्ती दंगल को विशेष रूप से आकर्षक बनाने में विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स क्लब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुश्ती भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और मेले में इसे बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय ने खेल और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में कई अनुभवी पहलवानों ने भाग लिया, जिससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली और परंपरागत खेलों के प्रति रुचि जागृत हुई।



**रोहतक।** श्रीबाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में सालाना तीन दिवसीय मेला में श्रद्धालुओं को नि :शुल्क चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद और फिजियोथेरेपी विभाग की टीम। *फोटो : हरिभूमि*



श्रीबाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में सालाना तीन दिवसीय मेला में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कल्चर क्लब द्वारा संध्या कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र।

### एनसीसी के कैडेट्स का कार्य सरहानीय

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस मेले में न केवल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया, बल्कि सामाजिक सेवा की दृष्टि से भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। मेडिकल कैंप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस मेले में विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस और एनसीसी के कैडेट्स ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों ने पूरे मेले में श्रद्धालुओं की सहायता की और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। वहीं, एनसीसी के कैडेट्स ने सुरक्षा, अनुशासन और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभालते हुए मेला क्षेत्र में सेवा भावना का परिचय दिया।





## 25 मीटर दिव्यांग लड़कों की दौड़ में हरीश प्रथम अजय को द्वितीय स्थान

- प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ . जगत सिंह ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिरतार संस्थान में मंगलवार को वार्षिक खेल उत्सव-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. जगत सिंह ने किया।

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, एमडीयू के रिटायर प्रोफेसर राजकुमार, बीएमयू के कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार इस मौके पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के अनुरूप मेडलज व प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। इस अवसर पर निदेशक डॉ. एडी पासवान ने बताया कि प्रतिवर्ष सिरतार संस्थान में वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजन के शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में 25 मीटर दिव्यांग लड़कों की दौड़ में हरीश कुमार, प्रथम अजय दूसरे व सरवर्धन तीसरे स्थान पर रहा। 50 मी० की ट्रेनिज लड़कियों की दौड़ में संध्या प्रथम कृति द्वितीय व भारती तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर में दिव्यांग लड़कों की दौड़ में चांद प्रथम व मामन द्वितीय व विकास तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में विकास प्रथम, कुशाल द्वितीय व रवि तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक स्टाफ महिला में मंजू प्रथम, सुमित्रा द्वितीय व ममता तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक स्टाफ पुरूष में विश्नजीत प्रथम, प्रदीप द्वितीय व दयानन्द तृतीय स्थान पर रहे।

### डायग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट का आयोजन

**रोहतक।** पीजीआईएमएस माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप ऑन जूनोटिक डिजीजः एपिडेमियोलॉजी, डायग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजिडेंट, पीजी डॉक्टर्स एवं लैब टेक्नीशियन ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसके सिंघल रहे। उन्होंने जूनोटिक बीमारियों के समय पर निदान एवं उपचार पर अपने विचार रखकर सभी को जानकारी दी।

## एसजेके कॉलेज में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ द्वारा किया गया। एनएसएस यूनिट-1 के संयोजक डॉ. उमेश कुमार व यूनिट-2 की संयोजिका डॉ. मानसा राय ने विधिवत रूप से 17 मार्च तक चलने वाले इस विशेष शिविर के दौरान करवाए जाने वाली गतिविधियों जैसे यूथ फॉर माई भारत व डिजिटल लिटेरसी, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, ट्रैफिक नियम, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी गांवों में जाकर कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते है। अतः वे अनुशासन में रहकर गांव के लिए सेवा के कार्य करें। प्राचार्य डॉ. दुआ ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया व स्वयंसेवकों ने भी कॉलेज प्रांगण में पौधे रोपित किए।

### राष्ट्रीय कवि दयाचन्द मायना का जन्मोत्सव मनाया



**रोहतक।** गांव मायना में राष्ट्रीय कवि दयाचन्द मायना का 110 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गायक कलाकारों ने महाशय कवि दयाचन्द के भजन रागनियों की प्रस्तुति दी। ट्रस्ट के सदस्य महिपाल बेरी ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि दयाचन्द चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों रविन्द्र मायना सचिव, अमित मायना प्रधान मुकेश मायना, सुनिल कुमार ,अशोक कुमार ने उनकी प्रतिमा के समक्ष केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके अलावा कवि दयाचन्द के सुपुत्र सुनिल कुमार मायना, दीपक स्वामी बेरी, मास्टर कप्तान गिजाडौद, सुभाष बोहरिया, दलबीर मुंगाण, मुकेश भैंसवाल, सोनू बागडी आदि कलाकारों ने भजनो भावविभोर कर दिया।

**NOTICE**

I, Sahil S/o Sh. Rajesh Kumar R/o VPO Sunari Khurd (102), Distt Rohtak-124001 (HR) declare that my father's name is Rajesh Kumar but same in my documents is endorseased as Rajesh. Rajesh and Rajesh Kumar are that names of one and the same person. My father is also known by names Rajesh & Rajesh Kumar.

**सूचना**

मैं, रामफल शर्मा पुत्र श्री छोटे लाल निवासी मकान नंबर-892/35, जनता कालोनी, रोहतक-124001 बयान करता हूं कि मेरी बेटी का पुत्र शुभम कौशिक उर्फ धीरज कौशिक पुत्र श्री राजेश कौशिक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को छह-सिलेंडर इंजन की तकनीक बताई

# सीआर पॉलिटेक्निक के 11 छात्रों को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



छोटू राम पॉलिटेक्निक में महिंद्रा एंड महिंद्रा की ट्रक और बस डिवीजन ने 'एम-शिक्षा' के अंतर्गत दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया । इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को छह-सिलेंडर इंजन की तकनीकी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योग की मांगों के अनुरूप कौशल हासिल करने में सहायता मिली। प्रशिक्षण समाप्ति के उपलक्ष्य में मंगलवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 11 विद्यार्थियों का विभिन्न पदों पर कंपनी के दिल्ली, गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा चरखी दादरी स्थित सर्विस डिवीज़न में चयन किया गया। इस विशेष अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा की ट्रक और बस डिवीजन के जोनल हेड सजोए चंद्रा उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरणादायक संदेश भी प्रदान किया। उनके अतिरिक्त कंपनी से प्रेम पुरी, नवीन शर्मा तथा राहुल तिवारी ने भी कंपनी की तरफ से भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रवीण दहिया ने संबोधन करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रम से न केवल उनकी तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि वे उद्योग की बदलती चुनौतियों के लिए भी बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों का कॉलेज में हार्दिक स्वागत करते हुए इस सहयोग की सराहना की। प्रेस संयोजक डॉ रविन्द्र राठी ने बताया कि इस आयोजन से छात्रों को व्यावसायिक दुनिया में कदम रखने हेतु आवश्यक कौशल एवं आत्मविश्वास प्राप्त हुआ, जो उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह ने दी शुभकामनाएं

जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और हमेशा मदद करने का आस्वाशन दिया। इस मौके पर कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख दलबीर सिंह तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख,सोनू नांदल के साथ-साथ सुद्वीप खत्री एवं विवेक देशवाल भी उपस्थित रहे।

### गाड़ी से टायर जैक व टूल बॉक्स चोरी

**झज्जर।** गांव मातनहेल में खड़ी एक गाड़ी से चोर टायर, जैक, नट खोलने वाली मशीन व टूल बॉक्स चुरा ले गए। पीड़ित गाड़ी मालिक ने पुलिस को शिकायत कर मामले से अवगत कराया है। पुलिस को दी शिकायत में मातनहेल निवासी नरेश ने बताया कि वह झामरी निवासी पवन की गाड़ी में नौ मार्च को गुरुग्राम से खाली करके मातनहेल आया था। शाम करीब छह बजे वह गाड़ी करके अपने घर चला गया। अगली सुबह जब करीब आठ बजे वह गाड़ी खड़ी करने वाले स्थान पर पहुंचा तो उसकी गाड़ी से टायर, जैक, नट खोलने की मशीन और टूल बॉक्स चोरी हो चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# गांव खरावड़ व नौनंद में 20.45 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी तोड़ी

## विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित 86 अवैध कॉलोनियों में नागरिक न करें खरीद-फरोख्त

- गांव मायना व शिमली में भी 13.35 एकड़ में फैली दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों को तोड़ने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मायना व शिमली में लगभग 13.35 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा खरावड़ एवं नौनंद गांव में 20.45 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में भी तोडफ़ोड़ की गई। प्रशासन की सख्ती से लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है।





रोहतक। कॉलोनियों में अवैध निर्माणों गिराते हुई जेसीबी और बिजली की तारें काटते कर्मचारी।

### इन चीजों को किया नष्ट

*इस अभियान के दौरान मायना एवं शिमली में दो अवैध कॉलोनियों में 10 चारदीवारी, 4 अस्थाई फार्म हाउस ढांचे, बिजली के खंभे, डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क, इंटरलोक टाईल नेटवर्क, 8 नींव को तोड़ा गया। इसी तरह खरावड़ एवं नौनंद गांव में 20.45 एकड़ में विकसित की जा रही एक अवैध कालोनी में इंटरलोक रोड नेटवर्क एवं 6 संरचनाओं को नष्ट किया गया। अवैध कालोनी में बिजली निगम द्वारा बिजली के मीटर भी हटाए गए। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।*

### कार्यालय से ले सकते हैं जानकारी

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

### अवैध निर्माण न करें

*जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई 86 अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। अवैध कलॉनियों में तोड़-फोड़ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। जिला में अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित नहीं होने दी जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में एनएसएस कैंप संपन्न

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन समारोह का आयोजन कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयिका प्रो सविता राठी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने की। उन्होंने पौधा भेंट करके मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने का एक श्रेष्ठ माध्यम है, इसके साथ ही यह सामाजिक कुरुतियों के प्रति भी जागरूकता लेकर आती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंप जीवन जीने की कला और एक बेहतर नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते है। यह हमें समाज के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करते है। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ. सीमा शर्मा ने किया और सात दिवसीय कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस अधिकारी डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 14 को मनाई जाएगी दुल्हेंडी, पुलिस ने सुरक्षा को लेकर की तैयारी

# 13 मार्च को होलिका दहन, बाजार सजे हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**खास बातें**

- किला रोड, डी-पार्क, रेलवे रोड और सेक्टरों में बाजारों की रंगत बदलना शुरू
- असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

होलिका दहन 13 मार्च को किया जाएगा। जबकि 14 मार्च को दुल्हेंडी मनाई जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर बाजार की रंगत बदलनी शुरू हो गई है। लोग जहां पर्व को मनाने की तैयारी में जुट गए हैं वही किला रोड, डी-पार्क, रेलवे रोड और सेक्टरों की मार्केट आदि में भी होली को लेकर बाजार सजे हुए हैं। बाजारों में रंग, पिचकारी समेत कपड़ों से दुकानें सजने लगी है। कई संस्थाओं की ओर से फूलों की होली मनाने की भी परंपरा बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण में जुटे लोग कहते हैं कि होली पर प्यार व सद्भाव को बढ़ाया जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलें। साथ ही प्रशासन ने भी असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिए है। हुड़दंगियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



रोहतक। पिचकारी देखते हुए बच्चा।

### दुकानों में बढ़ी रौनक

होली को देखते हुए बाजार में बढ़ रही चहल पहल से अब दुकानों में रौनक बढ़ रही है। वहीं बच्चों में रंग बिरंगी पिचकारी खरीदने को लेकर उत्साह बना हुआ है। हालांकि दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार बाजार में अधिक रौनक रहेगी। वहीं, होली आपसी रंजिशों को भूल कर दिल से दिल मिलाने का त्योहार है।

### मुखौटा और पिचकारी बच्चों की पहली पसंद

बाजारों में 500 रुपये तक की पिचकारी, टोपी और मुखौटा खरीदारी की जा रही है। भूत प्रेत, जानवरों सहित विभिन्न तरह के हैरत अंगेज करने वालों के मुखौटे बिक रहे हैं। होली के लेकर नए-नए पिचकारी, मुखौटे भी बाजार में उपलब्ध हैं। रंग से लेकर गुलाल आदि की खरीदारी धीरे-धीरे अब शुरू हो रही है।

### प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर



त्योहारों को लेकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। किसी भी सूरत में असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हुड़दंग करने वाले को तुरंत पकड़ लिया जाएगा। उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। शराब पर प्रतिबंध है। शराब पीने वालों पर भी प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

-**नरेंद्र बिजारणिया**, एसपी, रोहतक

### पानी का बचाव करना जरूरी

नागरिक पर्यावरण संरक्षण का ख्याल रखें। कुछ लोग होली के धार्मिक व संस्कृति महत्व को नहीं समझते। मैं हर पर्व, त्योहार पर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करता हूं। एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर होली मनानी चाहिए। साथ ही पानी का बचाव करना चाहिए। पानी हमारे जीवन में बेहद जरूरी है।

-जितेंद्र राणा

### वातावरण को प्रदूषित न करें

होली भाईचारे का संदेश देती है। फिर भी कई बार लगता है कि लोग होली के महत्व को नहीं समझते और नशा करके हुड़दंग मचाते हैं। हमें होली पर इन सब बातों का ख्याल रखना चाहिए। ऐसे ढंग से होली मनानी चाहिए जिससे वातावरण भी प्रदूषित न हो और त्यौहार का मजा भी आए।

-अंकित कुमार

### प्राकृतिक रंगों को दें महत्व

होली पर कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रयास सराहनीय है। मंदिरों में सामूहिक होली मनाई जाती है। सब लोग मिलकर होली मनाते हैं, अच्छा लगता है। हम सब रसायन युक्त लोगों से दूर रहें। प्राकृतिक रंगों को महत्व दें। होली भाईचारे का त्यौहार है। हम इस मौके पर पानी की बर्बादी न करें।

-राहुल कुमार



महम। यज्ञ में भाग लेते आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी व शिक्षक।

### संस्कार विहीन शिक्षा समाज और राष्ट्र को विपरीत दिशा में ले जाती है : अशोक दांगी

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में मासिक हवन का आयोजन किया गया। आचार्य करतार शास्त्री ने हवन मंत्रोच्चारण के बीच हवन सम्पन्न करवाया। हवन में छात्रों सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विश्व शांति के लिए आहुति दी। नौवीं कक्षा की छात्राओं कुंजिका,रिया,अनु और निशा ने हवन में मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इस मौके पर आचार्य करतार शास्त्री ने यज्ञ के वैज्ञानिक पहलू की विश्लेषणात्मक व्याख्या की। उन्होंने बच्चों को बताया कि हमें महीने में कम से कम एक बार हवन जरूर करना चाहिए। प्राचार्य अशोक दांगी ने अपने उद्बोधन में प्राचीन भारतीय संस्कारों की चर्चा करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा समाज और राष्ट्र को विपरीत दिशा में ले जाती है। उल्लेखनीय है कि स्कूल परिसर में मासिक हवन का आयोजन किया जाता है। यज्ञ के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान करवाया जाता है। इस अवसर पर छात्रों सहित समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### लिंगानुपात सुधारने को लेकर की बैठक

- पीसी पीएनडीटी एक्ट 1994 के प्रावधानों पर की चर्चा

**रोहतक।** ईएमए हॉल में पीसी पीएनटी व एमटीपी वर्कशॉप का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। जिसमें एडीसी नरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पीसी पीएनडीटी एक्ट 1994 के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि लिंगानुपात सुधारने के लिए सबसे जरूरी है कि सभी डॉक्टर व आम जनता पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के नियमों की पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सिविल सर्जन डॉ रमेश ने बताया कि एमटीपी एक्ट का भी सख्ती से पालन किया जाए। लिंगानुपात सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग रोहतक का लगातार प्रयास जारी है जिसके तहत पिछले 3 महीने में विभाग द्वारा चार रेड पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत की गई हैं और दो रेड एमटीपी एक्ट के तहत की गई है। डॉ संजीव मलिक व डॉ विश्वजीत राठी के अलावा पूरी पीएनडीटी टीम इस मौके पर मौजूद रही।

### जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**रोहतक।** अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्था में मेंटल हेल्थ के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सामान्य अस्पताल से डॉक्टर सुमन हुड्डा, मनोवैज्ञानिक व स्टाफ नर्स ने दिव्यांग बच्चों और स्टाफ सदस्यों को मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए थेरेपी , व्यायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया ने टीम का आभार जताया। इसके साथ ही पीजीआईएमएस डेंटल डिपार्मेंट की टीम ने अर्पण और श्रवण के बच्चों के लिए दंत चिकित्सक कैंप लगाया।

## 5845 में से 4925 शिकायतों का निपटारा : एडीसी

### समाधान शिविर : लम्बित 447 समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि अब तक इन शिविरों में प्राप्त 5845 शिकायतों में से 4925 का निपटारा किया जा चुका है तथा लम्बित 447 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को लम्बित शिकायतों के शीघ्र निपटारे के आदेश दिए।

नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियों कांफ्रेंस सभागार में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने चिड़ी व मदीना गिन्धरान से समाधान शिविर में पहुंचे व्यक्तियों की पंचायती भूमि पर बनाए गए मकानों को नियमित करवाने से संबंधित मांग के संदर्भ में कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत की भूमि पर बनाए गए 20 वर्ष पुराने 500 वर्ग गज तक के मकानों को नियमित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है, बशर्ते यह मकान तालाब या सडक़ पर न बनें हुए हो। ऐसे मकानों को सरकार द्वारा निर्धारित कलैक्टर रेट जमा करवाकर नियमित करवाया जा सकता है। ऐसे सभी व्यक्ति अपने आवेदन संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में जमा करवाएं। इन आवेदनों के संदर्भ में उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने परिवार पहचान पत्र से अनजान व्यक्ति का नाम हटाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इस बारे में शीघ्र ही विकल्प उपलब्ध करवाया जाएगा।



रोहतक। समाधान शिविरों में लोगों की शिकायतें सुनते एडीसी नरेंद्र कुमार ।




रोहतक। जागरूकता रैली निकालते प्रोफेसर व विद्यार्थी।

### लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पांचवा दिन का आयोजन कन्हेली गांव में कॉलेज प्राचार्य डॉ.लोकेश बल्हारा के मार्गदर्शन में हुआ। सुबह के सत्र में डॉ. सुभाष बल्हारा ने राष्ट्रीय निर्माण में एनएसएस स्वयं सेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बच्चों को जागरूक किया। सांयकालीन सत्र में सुनो नेहरू की पुकार मिशन के संस्थापक डॉ. जसमेर सिंह व उनकी समस्त टीम ने स्वयंसेवकों को जल संरक्षण, नशा मुक्ति, रक्तदान ,स्वास्थ्य संबंधित व राष्ट्रीय एकीकरण संबंधी विभिन्न सामाजिक विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने एनएसएस द्वारा गोद लिए गए गांव कन्हेली में रैली निकाली और ग्राम वासियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कार्यक्रम** स्थानीय बाल गृह परिसर में प्रमाण-पत्र वितरण एवं होली मिलन समारोह आयोजित

# स्वरोजगार के लिए लड़कियां व महिलाएं अवश्य लें स्किल ट्रेनिंग : प्रियंका कुमावत

जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा ने बाल गृह परिसर में बच्चों के संग खेली फूलों की होली

- 32 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए व होली पर्व की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय बाल गृह परिसर में ब्यूटी केयर व क्राफ्ट कोर्स पूर्ण होने उपरांत प्रमाण पत्र वितरण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा की धर्मपत्नी प्रियंका कुमावत ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।

समारोह की मुख्यातिथि प्रियंका कुमावत ने कहा कि सभी लड़कियों व महिलाओं को स्किल ट्रेनिंग अवश्य लेनी चाहिए ताकि इससे स्वरोजगार कर सके। उन्होंने उपस्थितगण को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बाल गृह के बच्चों के साथ फूलों से होली खेली। इस अवसर पर बाल गृह की बालिकाओं द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई तथा समारोह की मुख्यअतिथि प्रियंका कुमावत ने कोर्स पूर्ण होने के उपरांत 32 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया ने कार्यक्रम की मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा बाल गृह भवन में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बाल गृह प्रभारी नीलम दलाल, शीला, पूनम, रोशनी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार व सुदेश आदि सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





रोहतक। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि प्रियंका कुमावत व प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी वितरित मुख्यअतिथि पव जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया।